श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड़-२४९१९९
Sri Dev Suman Uttarakhand University
Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

पत्रांकः-5708/प्रशासन/एसडीएसयूवी/2024 दिनांकः 29 मार्च, 2025

प्रेस नोट

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल से व्यक्तिगत परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उपाधियों हेतु शीघ्र आवेदन करना होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव, श्री दिनेश चन्द्रा ने बाताया कि वर्ष 2012 से 2017 तक विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विभिन्न विषयों में व्यक्तिगत परीक्षायें आयोजित की गयी थी। वर्ष 2018 के बाद व्यक्तिगत परीक्षायें समाप्त कर दी गयी। उन्होंने कहा कि सत्र 2017-2018 तक की सभी उपाधियां तैयार की गयी हैं, जिन्हें छात्र-छात्रायें आवेदन करने के पश्चात शीघ्र प्राप्त कर सकते हैं।

श्री दिनेश चन्द्रा ने बताया कि वर्ष 2023 तक की उपाधियां भी विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गयी हैं। जिन्हें आवेदन करने पर (ऑनलाईन या ऑफलाईन) माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये विश्वविद्यालय स्तर पर कई कदम उठाये जा रहे हैं। श्री चन्द्रा द्वारा बताया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं की सुविधाओं के लिये विश्वविद्यालय द्वारा प्रवजन प्रमाण पत्र, प्रोविजनल डिग्री आदि के लिये ऑनलाईन पोर्टल तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को उनके प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयमें ग्रेवांस समिति का गठन किया गया है तथा छात्र-छात्राओं की किसी भी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया है।

श्री दिनेश चन्द्रा ने बताया कि वर्ष 2024 के विषम सैमेस्टर की परीक्षाओं के समस्त परीक्षा परिणाम घोषित किय जा चुके हैं। छात्रहित में विश्वविद्यालय स्तर पर कदम उठाये जा रहे हैं तथा विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तैयारियां प्रारम्भ की जा चुकी हैं,परीक्षायें मई माह के द्वितीय सप्ताह से प्रारम्भ कर दी जायेंगी। विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित कई फैसले लिये गये हैं।

(दिनेश चन्द्रा),
कुलसचिव।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. सम्पादक, दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान समाचार पत्र को इस आशय से कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को छात्र-हित में मध्यनजर रखते हुये अपने सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने का करें।
2. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
3. कार्यालय प्रति।

(दिनेश चन्द्रा),
कुलसचिव।